दिनांक : 18.06.2024 समय : 02.10pm

प्रादेशिक समाचार एकांष

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

अब समाचार विस्तार से:–

राजस्व महा अभियान

प्रदेश में आज से 31 अगस्त तक राजस्व महा अभियान - 2.0 संचालित किया जा रहा है। किसानों और आमजन की सहूलियत के लिये पटवारी और मैदानी अमला मुख्यालय पर रह कर दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इस दौरान डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण भी किया जायेगा। अभियान में अविवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण 30 दिन में, विवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण 150 दिन में किया जायेगा। बंटवारा प्रकरणों के निराकरण की समय-सीमा 90 दिन है और सीमांकन प्रकरणों को 45 दिन में निराकृत करने के निर्देश दिये गये हैं। राजस्व महा अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

राष्ट्रपति पुस्तक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के कार्यकाल के पहले वर्ष से 75 महत्वपूर्ण भाषणों का संकलन Wings to our hopes - Volume-One का विमोचन आज नई दिल्ली में किया जाएगा। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ई-पुस्तक का विमोचन करेंगे। इस अवसर पर सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव भी उपस्थित होंगे। यह संकलन प्रकाशन विभाग ने हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित किया है।

आईसीसी डेवलप्मेंट अवार्ड

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने छह देशों को एसोसिएट क्रिकेट में आईसीसी डेवलप्मेंट अवार्ड से सम्मानित किया है। दक्षिण अमरीकी देश मेक्सिको को क्रिकेट में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कृत किया गया है जबकि वह फुटबाल में पहले से प्रतिष्ठित है। अन्य देशों में ओमान, नीदरलैण्ड्स, संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल और स्कॉटलैण्ड शामिल हैं।

सिंहस्थ तैयारियां

सिंहस्थ-2028 में क्षिप्रा नदी में जल-प्रवाह को निरंतर बनायें रखने के लिये विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई है। इसमें बैराजों का निर्माण किया जायेगा। क्षिप्रा नदी पर श्रद्धालुओं की स्नान सुविधा के लिये सुविधाजनक घाटों का निर्माण होगा। घाटों के निर्माण में लगने वाले पत्थर और अन्य सामग्री का चयन विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा। क्षिप्रा के जल को प्रदूषण मुक्त करने के लिए कान्ह नदी पर 11 बैराजों और क्षिप्रा नदी पर 18 बैराजों का निर्माण इंदौर, उज्जैन और देवास जिले में प्रस्तावित है। इससे सिंहस्थ के लिए क्षिप्रा नदी में निरंतर जल प्रवाह बना रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्माण एजेंसियों को हिदायत दी है कि कार्य योजना के सभी कार्य समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक किये जाए।

मौसम

प्रदेश में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। लगभग सभी जिलों में रूक-रूक बारिश का दौर जारी है। प्रदेश में अब तक औसत 10 दशमलव 8 इंच बारिश हो चुकी है। यह मानसून के कोटे से 5 प्रतिशत कम है। पूर्वी हिस्से में अब तक 18 प्रतिशत बारिश कम हुई है जबकि पश्चिमी हिस्से में 7 प्रतिशत अधिक है। मौसम विभाग ने आज भी सीहोर, राजगढ़, आगर-मालवा, श्योपुर और मुरैना में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, उज्जैन, शाजापुर, खरगोन, खंडवा, नर्मदापुरम, सिवनी, बालाघाट, मंडला समेत 13 जिलों में तेज बारिश हो सकती है। बारिश की वजह से प्रदेश के बड़े डैम और तालाबों में भी पानी का स्तर लगातार बढ़ रहा है।

सपा कार्यकारिणी

समाजवादी पार्टी ने प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव ने प्रदेश कार्यकारिणी में छह उपाध्यक्ष और छह महासचिव, 15 सचिव, दो प्रवक्ताओं के साथ सात प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और आठ विशेष आमंत्रित सदस्यों की नियुक्ति की है। इसके साथ ही समाजवादी पार्टी के आठों फ्रंटल ऑर्गेनाइजेशन में भी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं।

जबलपुर हाईकोर्ट

मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग के 13 प्रतिशत छात्रों का रिजल्ट रोकने पर जबलपुर हाई कोर्ट ने राज्य सरकार पर 50 हजार रुपए का जुरमाना लगाया है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि जिस भी अधिकारी ने लापरवाही बरती है, जुरमाने की राशि उसी से वसूल की जाए। जस्टिस राजमोहन सिंह और जस्टिस देवनारायण मिश्र की युगल पीठ ने मामले में सुनवाई करते हुए दो सप्ताह में 13 प्रतिशत उम्मीदवारों की सूची के साथ पेश होने को कहा है। इस मामले में अगली सुनवाई 31 जुलाई को होगी।

अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

1. नर्मदापुरम में जिला प्रशासन और जिला रोजगार कार्यालय की ओर से आदिवासी बाहुल्य भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय सुखतवा केसला में आज रोजगार मेला आयोजित किया गया है।